प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर के बीजों की किसान मेले में जबरदस्त बिक्री

पंतनगर। 18 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों के स्टालों से रबी की विभिन्न फसलों के बीजों की भारी मात्रा में बिक्री हो रही है। मेले के दूसरे दिन आज दोपहर तक प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, फसल अनुसंधान केन्द्र तथा एटिक द्वारा लगभग 28 लाख रूपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त उद्यान विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र, औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र तथा पुष्प उत्पादन केन्द्र के स्टालों से लगभग 2 लाख रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय तथा एटिक के स्टाल से लगभग 12 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इनके अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों की बिक्री की गयी। मेले के दूसरे दिन दोपहर लगभग 5 हजार किसानों ने अपना पंजीकरण कराया।